Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a sports stadium of international standard in Lohardaga district, Jharkhand.

m01 श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): माननीय सभापति जी, जैसा कि आपको विदित है, मेरा संसदीय क्षेत्र लोहरदगा (झारखंड) जनजाति बहुल, ग्रामीण आबादी वाला क्षेत्र है।... (व्यवधान) यह आर्थिक रूप से पिछड़ा है। यहाँ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए प्रयास जारी है। आदरणीय महोदय, मैं आपका ध्यान यहां के युवाओं की खेल प्रतिभा की ओर आकर्षित करना चाहूँगा। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गुमला एवं लोहरदगा जिलों के खिलाड़ी खेलों के क्षेत्र में देश का मान बढ़ा चुके हैं।... (व्यवधान) आज भी अनेक राष्ट्रीय टीमों में यहाँ के युवक-युवतियाँ खेल रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में फुटबाल, हॉकी, एथलेटिक्स आदि खेलों का परंपरागत रूप से प्रचलन हैं। विशेष कर बेटियों की बात करूँ तो उन्होंने अनेकों कीर्तिमान स्थापित किए हैं। खेल की अपार प्रतिभाओं से संपन्न यहाँ के युवा आधुनिक खेल परिसरों के अभाव में अभ्यास करते हैं।... (व्यवधान) इन्हें यदि उचित वातावरण और अत्याधुनिक खेल परिसर एवँ प्रशिक्षण मिल जाए तो हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा ओलंपिक सहित अन्य खेलों में देश का मान बढ़ा सकेंगे। आदरणीय महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के लोहरदगा जिले में केंद्र सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बनाया जाए।... (व्यवधान) मेरा निवेदन है कि लोहरदगा जिले में स्टेडियम के निर्माण कर देश के जनजाति बहुल, ग्रामीण अंचल के खिलाडियों का उत्साह एवं मनोबल को बढ़ाने एवं यहाँ के प्रतिभावान खिलाडियों के लिए अवसरों का सृजन करने में केंद्र सरकार अपनी निर्णायक भूमिका निभाए। मुझे विश्वास है, देश के युवाओं के प्रेरक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही, हमारी सरकार लोहरदगा में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण कर देश के समस्त जनजाति अंचलों को उपहार देकर अनुग्रहीत करेगी।...

(व्यवधान) इससे अनेकों अभावों में अपना कठोर परिश्रम और निरंतर अभ्यास कर प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल सकेंगे। धन्यवाद।... (व्यवधान)